मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 | अंक -18 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 22 से 28 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये



## ईडी का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है - शरद पवार

**सोलापुरः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधियों को डराने और चुप कराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है। शरद पवार ईडी के रोहित पवार को समन जारी करने से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे। ईडी ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) घोटाले में धन शोधन जांच के तहत 24 जनवरी को पूछताछ के लिए शरद पवार के पोते और महाराष्ट्र के विधायक रोहित पवार को तलब किया है। ईडी ने 5 जनवरी को बारामती, पुणे, औरंगाबाद और कुछ अन्य स्थानों पर रोहित पवार के स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो और कुछ संबंधित इकाइयों के परिसर पर छापा मारा था।



रोहित पवार (38) महाराष्ट्र विधानसभा में कर्जत-जामखेड सीट से एनसीपी विधायक हैं। इसके अलावा वह बारामती एग्रो के मालिक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। पहली बार विधायक निर्वाचित हुए रोहित एनसीपी के शरद पवार गुट से हैं।

केंद्र पर निशाना साधते हुए शरद पवार ने दावा किया, 'सत्ता का दुरुपयोग करके ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को चुप कराने और उन्हें डराने के लिए किया जा रहा है। हमें ऐसी प्रवृत्तियों को हराने के लिए जनता के पास जाना होगा।'

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) और वामपंथी दलों को महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में लाने के लिए बातचीत चल रही है।

## मराठों के पिछड़ेपन का आकलन करेगी राज्य सरकार

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन का आकलन करने के लिए 23 जनवरी से एक सर्वेक्षण करेगा।

मराठा समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग कर रहा है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रशासन को युद्ध स्तर पर तीन अलग-अलग शिफ्टों में सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है। सीएम शिंदे ने अपने आधिकारिक आवास पर मराठा आरक्षण मुद्दे पर एक बैठक की अध्यक्षता की और एक वीडियो लिंक के माध्यम से संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों, नगर निगमों के आयुक्तों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में, शिंदे ने अधिकारियों को सर्वेक्षण अभ्यास के बारे में ग्रामीणों को सूचित




करने और ग्राम पंचायत कार्यालयों के साथ विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया।

दरअसल, मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने हजारों समर्थकों के साथ जालना से मुंबई की ओर विरोध मार्च शुरू कर दिया था, इस बीच सरकार की ओर से यह घोषणा की गई है। जारांगे ने 26 जनवरी से मुंबई में मराठा आरक्षण के लिए अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने की घोषणा भी की है। उन्होंने सभी मराठों को कंबल कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन की जांच करने के लिए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग 23 जनवरी से युद्ध स्तर पर एक सर्वेक्षण शुरू करने जा रहा है। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और समय की पाबंदी के साथ सटीकता से सर्वेक्षण किया जाना चाहिए।'' मालूम हो कि सर्वेक्षण 23 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मराठा और गैर-मराठा खुली श्रेणियां शामिल होंगी। अनुमानित 2.50 करोड़ परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुणे में गोखले इंस्टीट्यूट और आईआईपीएस जैसे प्रसिद्ध संस्थान इस अभ्यास को पूरा करने में सहायता करेंगे।

## मैराथन दौड़ में 75 वर्ष के बुजुर्ग की हार्टअटैक से मौत

**मुंबई:** देश में दिल का दौरा पड़ने से मौतें बढ़ती ही जा रही हैं। हर रोज कई ऐसी मौतें हो रही हैं, जिसके बारे में डॉक्टर भी हैरान रह जाते हैं। बिलकुल स्वस्थ दिखने वाले व्यक्ति को अचानक से दिल का दौरा पड़ता है और वह काल



का शिकार बन जाता है। ऐसा नहीं है कि हार्ट अटैक का शिकार बुजुर्ग ही हो रहे हैं, इसमें युवा और बच्चे भी शामिल हैं।

मुंबई में भी रविवार को एक बुजुर्ग की दिल का दौरा आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक बुजुर्ग मुंबई मैराथन 2024 में भाग ले रहा था और अचानक से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार को 75 वर्षीय राजेंद्र चांदमल बोरा मुंबई मैराथन में भाग लिए थे और दौड़ लगा रहे थे,जैसे वो मुंबई के मरीन ड्राइव पर पहुंचे वो अचानक से गिर गए और बेहोश हो गए। उनको बेहोश पड़ा देखकर आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचाया। जहा डॉक्टर ने चेक करते ही मृत घोषित किया।

बॉम्बे हॉस्पिटल के डॉक्टर ने मौत की वजह बताते हुए कहा कि मृतक को दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई है। वहीं इसके अलावा इसी मैराथन में दौड़ लगाते हुए एक और व्यक्ति की मौत हुई है। हालांकि उनकी मौत की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, 46 वर्षीय सुवरदीप बनर्जी ने भी मुंबई फुल मैराथन 2024 में हिस्सा लिया था। जहां वर्ली के एनएससीआई के पास दौड़ते समय बनर्जी नीचे गिर पड़े। जानकारी मिलते ही उन्हें नजदीक के नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## तेजी से पिघल रही है ग्रीनलैंड की बर्फ, क्या तबाह हो जायेंगे मुंबई,चेन्नई जैसे शहर ?

**नासा :** ग्लोबल वार्मिंग से दुनिया भर के वैज्ञानिक चिंतित हैं। अंटार्कटिका में बर्फ लगातार सिकुड़ रही है। अब यह पता चला है कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर बहुत तेजी से पिघल रही है। यहां मौजूद बर्फ अमेरिकी शहर टेक्सास से तीन गुना ज्यादा है। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बर्फ पिघलने की दर पिछले अनुमान से 20 फीसदी ज्यादा है. इसका मतलब है कि हर घंटे 30 मिलियन टन बर्फ गायब हो जाती है। इसका सीधा असर समुद्र के स्तर पर पड़ेगा, यानी इसके बढ़ने से तटीय





शहरों पर खतरा और बढ़ जाएगा।

ग्रीनलैंड में बर्फ पिघलने का अध्ययन नेचर जर्नल में प्रकाशित हुआ था। वैज्ञानिकों को पता था कि ग्रीनलैंड में बर्फ पिघल रही है, लेकिन उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि यह दर इतनी तेज होगी।

यह अध्ययन चिंताजनक है क्योंकि बर्फ पिघलने से समुद्र का स्तर बढ़ जाएगा, जो तट के किनारे के शहरों के लिए अच्छी खबर नहीं है। अध्ययन के मुख्य लेखक नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) के ग्लेशियोलॉजिस्ट चाड ग्रीन हैं। उनका कहना है कि ग्रीनलैंड के लगभग सभी ग्लेशियर पिघल रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि पूरे ग्रीनलैंड में ऐसा हो रहा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, अपने निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता तरीकों का इस्तेमाल किया और 38 वर्षों के डेटा का विश्लेषण किया।

## जौनपुर के शान नाई समाज के गौरव स्वः रामअधार शर्मा जी का तृतीय पुण्यतिथि कल्याण में मनाया गया



**कल्याण ,** जौनपुर के शान नाई समाज के गौरव स्वः रामअधार शर्मा जी का तृतीय पुण्यतिथि दिनाक 21 जनवारी को गिरिजेश शर्मा के निवास स्थान कल्याण में मनाया गया साथ में उपस्थित अनिल शर्मा राष्ट्रीय युवा नेता, कलेक्टर शर्मा उद्योगपति गोरेगांव, हरिशंकर शर्मा युवा समाज सेवक व उप संपादक, संजय शर्मा, लल्लू शर्मा वरिष्ठ समाज सेवक व आदि सम्मानित गण उपस्थित थे! अनिल शर्मा ने कहा रामअधार शर्मा नाई समाज के गौरव थे इन्होंने अपने जीवन काल तक समाज के दुःख सुख में हमेशा खड़े रहते थे कभी भी अपने समाज में किसी प्रकार का तकलीफ नहीं होने दिये जिससे उनका न रहना समाज के लिए बहुत बड़ा छती हैं बाबू जी के पद चिन्हों पर चलना हम लोगो का उत्तर दायित्व हैं !

## कीमोथेरेपी उपचार के दौरान अपने मरीजों के लिए शक्ति का स्तंभ बनते हैं: डॉ. प्रीतम कालस्कर

**मुंबई:** मैं अपने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर इस आर्टिकल को सिर्फ शब्दों का रूप दे रहा हूं। आदरणीय डॉ. प्रीतम कालस्कर, एमओसी ठाणे आपकी विशेषज्ञता, करुणा और अपने रोगियों के प्रति समर्पण ने डॉक्टर प्रीतम सर ने मेरे हृदय में एक अलग जगह बनाई है। मेरी ब्रेन ट्यूमर के सफल सर्जरी के बाद ठीक होने की यात्रा पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। डॉ. कालस्कर सर जटिल चिकित्सा जानकारी को स्पष्ट और सहानुभूतिपूर्ण तरीके से समझाने की आपकी क्षमता बेहद आश्वस्त करने वाली रही है।

आप अपने ठाणे स्थित अस्पताल में जो सकारात्मक और सहायक वातावरण बनाते हैं वह वास्तव में सराहनीय है। आपकी दयालुता और सावधानी पर किसी का ध्यान नहीं गया और उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण अनुभव को और अधिक सहनीय बना दिया है। डॉक्टर




साहब आपके प्रति यहां पर मेरा व्यक्तिगत अनुभव महसूस करता है।

मेरी भलाई सुनिश्चित करने और इस कठिन समय में शक्ति का स्तंभ बने रहने के लिए आगे बढ़ने के लिए धन्यवाद, अपने पेशे और अपने मरीजों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है। मैं आपको अपने कीमो डॉक्टर के रूप में पाकर भाग्यशाली महसूस करता हूं, और आपने मेरे जीवन में जो बदलाव किया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। यहां पर यह कहना गलत ना होगा कि स्वास्थ्य देखभाल और आपके रोगियों की भलाई में आपका योगदान अमूल्य है।

एक बार फिर, आपकी असाधारण देखभाल और मेरे ठीक होने की यात्रा पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए धन्यवाद

**प्रस्तुति; राजन शर्मा**
**उप संपादक,**
**हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर**



## संपादकीय
छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### भारतीय पहचान के प्रति आकर्षण

देशज उपकरणों और शब्दावली के माध्यम से भारतीय यथार्थ को समझने की व्यग्रता बढ़ी है। यह व्यग्रता औपनिवेशिक आधिपत्य वाले विमर्श की सीमाओं और क्षुद्रताओं को तो उजागर कर ही रही है, भारतीय हितों, संघर्षों और अंतर्द्वन्द्वों को नए सिरे से परखने की कोशिश भी कर रही है। इस कोशिश में सबसे प्रमुखता के साथ जो तथ्य उभरकर सामने आता है, वह यह है कि सैकड़ों सालों का मजहबी और औपनिवेशिक बोझ भारतीय पहचान के प्रति आकर्षण कम नहीं कर सका है। और यह भी कि मजहबी और औपनिवेशिक खांचों में फंसा भारतीय हिस्सा भी अब यह समझने लगा है कि उसके हितों और पहचान का अभिकेन्द्र कहीं बाहर नहीं बल्कि भारत और भारतीयता ही है। जम्मू-कश्मीर के ख्यातिलब्ध विद्वान और प्रसिद्ध भारतविद प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री की नई पुस्तक ह्यकश्मीर का रिसता घाव : एटीएम बनाम डीएम का संघर्षह्व मुसलमानों के भारतीय यथार्थ को नई शब्दावली और उपकरणों के माध्यम से समझने की एक ऐसी ही कोशिश है। प्रो. अग्निहोत्री ने भारतीय मुसलमानों को मोटे तौर पर दो वर्गों में विभक्त कर मुसलमानों की आंतरिक दुनिया में झांकने की कोशिश की है। वह विदेशी नस्ल के मुसलमानों को एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल) कहते हैं और भारतीय मूल के मुसलमानों को डीएम (देशी मुसलमान) के नाम से संबोधित करते हैं। इस शब्दावली के माध्यम से उन्होंने मोटे तौर पर सम्पूर्ण भारत और विशेष रूप में जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों की सामाजिक-सांस्कृतिक गत्यात्मकता को समझने की कोशिश की है। उनका मानना है कि मुसलमानों को एक समूह और एटीएम को मुसलमानों का प्रतिनिधि मानने से राजनीतिक और अकादमिक स्तर पर मुसलमानों की वास्तविक स्थिति देश के सामने नहीं आ पाई है। इस न्यूनता के कारण जहां साम्प्रदायिक संघर्षों की प्रकृति को समझने में नीति नियंता प्रायः विफल हो जाते हैं और आर्थिक स्तर पर लक्षित समूहों तक योजनाओं का लाभ पहुंच पाता है और न ही उनके सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठ पाते हैं। इससे भी बड़ी बात यह कि एटीएम को मुसलमानों का प्रतिनिधि मानने से देशज मुसलमानों को उनकी भारतीय संबद्धता से एकदम से काटने के प्रयास किए जाते हैं। वह कहते हैं, जब भी भारत में मुसलमानों का अध्ययन किया जाता है तो एटीएम बनाम डीएम को जोडकर भारतीय मुसलमान कह दिया जाता है। इतना ही नहीं, इस प्रकार के अध्ययनों में केस स्टडी के लिए एटीएम को ही लिया जाता है, लेकिन उसके निष्कर्षों से डीएम या देसी मुसलमानों को शिकार बनाया जाता है। इस प्रकारा देसी मुसलमान एटीएम के नीचे दब जाता है। उनका मानना है कि जम्मू-कश्मीर का प्रश्न हिन्दू-मुस्लिम से अधिक एटीएम बनाम डीएम का प्रश्न है। यदि इस संघर्ष के कारणों और उपकरणों की ठीक ढंग से पहचान कर ली जाए तो जम्मू-कश्मीर के प्रश्न के समाधान में तो सहयोग मिलेगा ही, सम्पूर्ण भारत में साम्प्रदायिकता की समस्या से निपटने में भी मदद मिलेगी। इस पुस्तक में इन दोनों समुदायों के टकराव, उसके विविध पड़ावों, उसमें अपनाई जाने वाली रणनीतियों का विश्लेषण किया गया है। टकराव का मुख्य बिंदु यह है कि विदेशी मुसलमानों का वर्ग देशी मुसलमानों से उनकी प्रत्येक पहचान को छीनकर अपने खांचे में ढालने के लिए प्रयास करता है। कश्मीर को देशज दृष्टि से समझना होगा।

# जौनपुर में 24 जनवरी को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. मनाएगा कर्पूरी ठाकुर जयंती

**जौनपुर,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार,समाज कल्याण और समाजिक एकता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रांत के कोने कोने से स्वजातीय




ऐतिहासिक समारोह का आयोजन 24 जनवरी 2024 दिन बुधवार को संस्था कार्यालय समसपुर खपडहा, सिकरारा, जौनपुर में किया गया है जयंती समारोह में होनहार छात्र छात्राओं को प्रतिभा सम्मान समारोह, गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरण किया जायेगा तथा बंधुओ का भव्य आगमन होगा, जयंती समारोह को भव्य बनाने के लिए संस्था के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अथक परिश्रम कर रहे हैं जिसमे समाज के सम्मानितजन द्वारा सहयोग भी निरंतर प्राप्त हो रहा हैं जिसके लिए उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद,

सामाजिक न्याय के सूत्रधार, पिछड़ों, दलितों, शोषितो के मसीहा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हृदय सम्राट जननायक कर्पूरी ठाकुर(नाई) जी की 100वीं जयंती समारोह में 24/01/2024 स्थान समसपुर खपडहा में आप सभी सम्मानितजन सादर आमंत्रित हैं

निवेदकः- संस्था अध्यक्ष दिनेशचंद्र शर्मा एवम् भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. टीम

राजनीति में इतना लंबा सफर बिताने के बाद जब श्रद्धेय जननायक कर्पूरी ठाकुर जी मृत्यु हुई तो अपने परिवार को विरासत में देने के लिए एक मकान तक उनके नाम नहीं था. ना तो पटना में, ना ही अपने पैतृक घर में वो एक इंच जमीन जोड़ पाए.कर्पूरीजैसे नेता भी हुए, विश्वास ही नहीं होता. उनकी ईमानदारी के कई किस्से आज भी देश विदेश में आपको सुनने को मिलते हैं।नंदवंशी अजय शर्मा। मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.

## आल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन मनाएगा कर्पूरी ठाकुर जयंती

**जौनपुर,**आल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जौनपुर में आप सभी स्वजातीय भाईयों से निवेदन है कि 27जनवरी दिन शनिवार सुबह 10 बजे आदर्श नन्हकू राम महाविद्यालय बंधवा बाजार मछली शहर जौनपुर के प्रांगण में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जन्म उत्सव जयंती के रूप में मनाया जायेगा आप सभी सादर आमंत्रित हैं कृपया समय से पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं यह कार्यक्रम आप सभी का है आप के मान सम्मान का है कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे यहीं आप सभी से अपील है आप का भाई सुरेन्द्र शर्मा नन्द वंशी



आल इंडिया एम सी ई ए जिला अध्यक्ष जौनपुर

## एम डब्लू ओ मनायेगा कर्पूरी ठाकुर जी का अमेठी में स्वर्ण जयंती घनश्याम शर्मा

**अमेठी,** बड़े हर्ष के साथ सूचित कर रहा हूं कि शोषित पीड़ित वंचितों की सशक्त आवाज ,गरीबों के मसीहा, कुशल राजनीतिज्ञ, सादगी व ईमानदारी की प्रतिमूर्ति,बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री, जन जन के नायक जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 100वीं जयंती पर महापदमनंद वेलफेयर ऑगेनाइजेशन (एम. डब्ल्यू. ओ.) के तत्वाधान में शताब्दी जन्मोत्सव समारोह दिनांक 25जनवरी 2024 दिन बृहस्पतिवार को रणंजय मैदान गौरीगंज जनपद अमेठी में मनाया जा रहा है। आप सभी सम्मानित महानुभावों को सादर आमंत्रित करते हुए प्रार्थना करता हूं कि



समय से कार्यक्रम मे पहचकर कार्यक्रम को सफल बनावे। घनश्याम शर्मा प्रदेश अध्यक्ष एम डब्ल्यू ओ उत्तर प्रदेश

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
संरक्षक
जे.पी. शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
०९८३३२९७२१
उप संपादक
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा
शंकर शर्मा (शिवा)
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
प्रतिनिधि
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
कानूनी सलाहकार
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. ९४५२७९१५७०
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

## अनिल शर्मा ने कहा घर घर दीप जलाकर मनाये कर्पूरी ठाकुर जयंती



**मुंबई,** अनिल शर्मा ने संपूर्ण भारत के नाई समाज के लोगो से की अपील 24 जनवरी को घर घर दीप जलाकर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का स्वर्ण जयंती एक विशाल त्योहार के रूप में मनाएँ ताकि अपने बच्चे और परिवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवनी के बारे में जानकारी हो और राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों को सही में पता चले कि सही मायने में कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिये।

## अखिल भारतीय सविता महासंघ मनायेगा कर्पूरी ठाकुर जयंती - अशोक शर्मा

**नालासोपारा,** अशोक शर्मा महामंत्रीअखिल भारतीय सविता महासंघ ने सभी स्वजातीय भाइयों व बहनों से की अपील की समाज के मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का १०० वाँ जयंती 27 जनवरी दिन शनिवार को नलासोपारा में बड़े धूमधाम से मनाया जायेगाजिसमें सभी लोग सादर आमंत्रित हैं ,निवेदक जे पी शर्मा अध्यक्ष, राकेश सेमुआ कोषाध्यक्ष, अनंतलाल शर्मा



कार्याध्यक्ष,शिव प्रसाद शर्मा ट्रस्टी,अनिल शर्मा ट्रस्टी,नवनीश शर्मा उप कोषाध्यक्ष,अशोक शर्मा , सुशील शर्मा,राहुल शर्मा,सचिनशर्मा,ज्ञनाथशर्मा,राजेश शर्मा, अजय शर्मा, व आदिपदाधिकारी व सस्स्य गण,

## आद. कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण--कवि विनय शर्मा दीप

**ठाणे,** गरीबों के मसीहा एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री



जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के 100 वीं स्वर्ण जयंती पर गरीबों, असहाय,बेरोजगार व्यक्तियों के सहायतार्थ नालंदा विद्यालय परिसर लोकग्राम पुलिस चौकी,कल्याण (पुर्व) जिला ठाणे में रविवार दिनांक 28 जनवरी 2024 को रक्तदान एवं निः शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।जिसका आयोजन सर्व सहयोग सेवा ट्रस्ट,मां फाउंडेशन,नई उम्मीद फाउंडेशन, नवकुंभ साहित्य सेवा संस्थान,मानव सेवार्थ फाउंडेशन कर रहा है।सहयोग के रूप में अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई,सविता समाज मुंबई, जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति एवं सेन जागृति मंडल का विशेष योगदान है।आप सभी से विनम्र निवेदन है उक्त आयोजन में उपस्थित होकर जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती को सफल बनाने में सहयोग करते हुए स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं।

## महालक्ष्मी रेसकोर्स में थीम पार्क

# राज्य सरकार और बीएमसी द्वारा लिए गए निर्णय को कोर्ट में चुनौती



**मुंबई:** महालक्ष्मी रेसकोर्स में थीम पार्क विकसित करने का मामला बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंच गया है। रेसकोर्स के 120 एकड़ के हिस्से में यह पार्क बनाने का निर्णय किया गया है। राज्य सरकार और बीएमसी द्वारा लिए गए निर्णय को कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका में दावा किया गया है कि थीम पार्क पर्यावरण के लिए आपदा साबित हो सकता है। मुंबई निवासी सत्येन कपाड़िया ने यह याचिका दायर की है।

जस्टिस गौतम पटेल और कमल खाता की बेंच ने कहा कि हमें भरोसा है कि इस मामले में अगली सुनवाई तक कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा। उम्मीद करते हैं कि महाराष्ट्र सरकार और बीएमसी रेसकोर्स में थीम पार्क विकसित करने के फैसले पर तब तक यथास्थिति बनाए रखेगी, जब तक कि वह इस विषय से संबंधित याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं कर लेती है। फिलहाल हम कोई आदेश नहीं जारी कर रहे हैं। इसलिए ऐसा कोई फैसला न लिया जाए, जिसके बारे में हमें अलग रुख अपनाना पड़े। बेंच ने 24 जनवरी को याचिका पर सुनवाई रखी है। महालक्ष्मी रेसकोर्स के विकास के संदर्भ में प्रशासन ने द रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फ क्लब लिमिटेड के साथ बैठक की थी। पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने कथित तौर पर कहा कि इस बैठक में रेस कोर्स के नीचे कार पार्किंग की व्यवस्था करने का दावा किया गया है। आदित्य का सवाल है कि यह पार्किंग क्यों बनाई जा रही है, जब आसपास बिल्डिंगें ही नहीं हैं।

# राम जन्मोत्सव पर हिमांशु ब्यूटी पार्लर में की गई पूजा अर्चना

**चारामा, कांकेर।** श्री राम जन्मोत्सव को लेकर पूरा देश राममय हो गया है। कांकेर जिले के चारामा नगर स्थित हिमांशु ब्यूटी पार्लर में इस अवसर पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। अकादमी के प्रशिक्षक संचालिका  चंद्रकांति नागे ने वैदिक मँत्रों के उच्चारण के साथ 101दीप जलाकर भगवान श्री राम की आरती व पूजा आराधना कर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री राम और सीता बन अवतारी तचेतना को विधि विधान पूर्व के सभी प्रशिक्षारती ने पुष्प आरती कर भजन नृत्य करते हुए रामचरित्र मानस का पाठ कर राम जन्म उत्सव  मनाया। श्री राम महामंत्र का उच्चारण करते हुए सभी उपस्थित छात्रों द्वारा दीप प्रज्वलित कर राम नाम महामंत्र का उच्चारण करते हुए समाज देश की समृद्धि के लिए अपने जीवन को सुसंस्कृत बनाने के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। सभी सदस्यों ने बारी-बारी से राम सीता के



रूप नमन बंधन प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस राम जन्मोत्सव कार्यक्रम में हिमांशु ब्यूटी पार्लर की संचालिका प्रशिक्षिका चंद्रकांति नागे सहित अकादमी के सभी बच्चे व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र की बल्ले-बल्ले: दावोस में मिला 3.53 लाख करोड़ का निवेश, लाखों युवाओं की नौकरी पक्की...

**मुंबई:** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 54वीं बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रही है। इसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई में मंत्रियों व अधिकारियों का समूह भी शामिल हुआ है। डब्ल्यूईएफ कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र को 3.53 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव मिलेगा। जिससे राज्य में बड़ी संख्या में युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार निर्माण होंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मुताबिक, राज्य ने दावोस में डब्ल्यूईएफ 2024 के दौरान 3,53,675 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दावोस डब्ल्यूईएफ





सम्मेलन के पहले दिन 16 जनवरी को महाराष्ट्र सरकार और छह उद्योगों के बीच 1.02 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए।

सीएम शिंदे की मौजूदगी में 'महाप्रित' और 'ग्रीन एनर्जी 3000' के बीच 40 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस समझौते के तहत राज्य में सोलर एनर्जी नीति के अनुरूप सोलर एनर्जी पार्क, पवन ऊर्जा, हाइब्रिड पावर प्लांट स्थापित किये जायेंगे। पहले चरण में 1000 मेगावाट सौर ऊर्जा पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। सौर, हाइब्रिड एनर्जी और बैटरी एनर्जी भंडारण की मदद से इस क्षमता को 10000 मेगावाट तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके अलावा गुरुवार को ही वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 'महाप्रित' और हीरो फ्यूचर एनर्जी के बीच 8000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये।

### 2 लाख से अधिक नौकरियां मिलेंगी

**वहीं, दूसरे दिन आठ उद्योगों के साथ 2.08 लाख करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। जबकि तीसरे दिन 18 जनवरी को छह उद्योगों के साथ 42,825 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, इन एमओयू से राज्य में दो लाख से अधिक नौकरियों के अवसर मिलेंगे।**

# हादसों का सिलसिला जारी... सड़क विकास निगम की उपेक्षा




**पनवेल :** पनवेल शहर के प्रवेश द्वार खंडेश्वर रेलवे ब्रिज के पास का मोड़ दिन-ब-दिन खतरनाक होता जा रहा है। इस मोड़ पर सड़क विकास निगम की लापरवाही खतरनाक होती जा रही है क्योंकि पनवेल से बाहर निकलते समय लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। पनवेल शहर से होकर गुजरने वाले पुराने मुंबई पुणे मार्ग पर पनवेल शहर के प्रवेश द्वार खंडेश्वर रेलवे पुल से पहले थानानाका क्षेत्र में एक तीव्र मोड़ है। इसलिए इस जगह पर चालक वाहन से नियंत्रण खो देते हैं और वाहन बार-बार पलट जाते हैं। सड़क विकास निगम द्वारा इस स्थान पर सुरक्षा की दृष्टि से लोहे की रेलिंग लगाई गई है। हालाँकि, चूँकि इस स्थान पर सप्ताह में एक बार भारी वाहन पलट जाते हैं, इसलिए रेलिंग वाहनों की गति नहीं झेल पाती, इसलिए बार-बार नई रेलिंग लगानी पड़ती है। इस बिंदु पर एक छोटे से टर्निंग इंडिकेटर के अलावा कोई उपाय नहीं किया गया है, इस इंडिकेटर की दृश्यता बहुत कम है। साथ ही इस मोड़ पर ही एक बड़ा विज्ञापन बोर्ड भी लगाया जा रहा है, जो वाहन चालकों का ध्यान भटका रहा है. गार्डन होटल के सामने ट्रैफिक सिग्नल के तुरंत बाद एक मोड़ आता है. यहां के ड्राइवर तेज गाड़ी चलाते हैं. लेकिन, दो सौ मीटर पर अचानक तीव्र मोड़ आने के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो देता है।

# महाराष्ट्र में बनाएगा - 50,000 करोड़ के निवेश से डेटा सेंटर



**मुंबई:** दुनिया के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रुप में शामिल अदाणी ग्रुप अब महाराष्ट्र में हाइपर स्केल डेटा सेंटर बनाएगा. अदाणी ग्रुप की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने इसके लिए बुधवार को महाराष्ट्र सरकार के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर साइन किए हैं. समझौते के तहत महाराष्ट्र में 1 गीगावॉट की क्षमता का हाइपरस्केल डेटा सेंटर बनाने के लिए अदाणी ग्रुप 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा. कंपनी ने एक बयान में कहा कि स्विटजरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की मौजूदगी में टडव पर साइन हुए हैं.

कंपनी ने कहा, ''यह डेटा सेंटर मुंबई या नवी मुंबई और पुणे जैसी प्रमुख जगहों पर स्थापित किया जाएगा. यह रिन्यूएबल एनर्जी से ऑपरेट होगी, जो महाराष्ट्र में ग्रीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाएगी. साथ ही इससे 20 हजार लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा.'' कंपनी ने आगे कहा कि इस तरह के बड़े प्रोजेक्ट ने कुछ ही साल में मुंबई को रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में आगे बढ़ाने का काम किया है.

# प्रदेश के 37 हजार आंगनबाड़ियों में लगेंगे सौर ऊर्जा सेट!



**मुंबई:** राज्य के कई आंगनबाड़ियों में बिजली की व्यवस्था नहीं होने के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक अभिनव योजना के तहत 36 हजार 978 आंगनबाड़ियों में सौर ऊर्जा सेट स्थापित करने का निर्णय लिया है. बिजली की कमी के कारण लगभग 36 हजार 978 आंगनबाड़ियों में बिजली की आपूर्ति नहीं हुई. इस मामले को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव अदिति तटकरे, आयुक्त रूबल अग्रवाल और संबंधित अधिकारियों ने हाल ही में एक बैठक की और इन सभी आंगनबाड़ियों में सौर ऊर्जा सेट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। इन आंगनबाड़ियों के लिए एक किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा सेट लगाए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि इसके लिए राज्य स्तर से ई-टेंडरिंग के जरिये ये सौर ऊर्जा सेट खरीदे जायेंगे. इसके लिए 250 करोड़ रुपये के खर्च की अनदेखी की गयी है.

वेतन बढ़ोतरी समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाडी कार्यकर्ता पिछले चालीस दिनों से हड़ताल पर हैं और इस हड़ताल से आंगनबाडी के बच्चों और महिलाओं पर भारी असर पड़ रहा है. आंगनवाड़ी कार्यकताओं के संगठनों ने आंगनबाड़ियों में पर्याप्त सुविधाएं दिलाने, आंगनबाड़ियों और मोबाइल फोन का किराया बढ़ाने सहित कई मांगें की हैं और महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने समय-समय पर चर्चा के बाद इनमें से कई मांगों को स्वीकार कर लिया है। कुछ पर सकारात्मक रुख. आयुक्त रूबल अग्रवाल ने आंगनबाडी कार्यकताओं से अपनी जिम्मेदारी समझने और हड़ताल वापस लेने की अपील की है. सूत्रों ने यह भी कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकताओं के साथ-साथ आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए निकट भविष्य में कुछ योजनाएं लागू की जाएंगी।

# मोबाइल फोन पर बात करते समय रेलवे ट्रैक पार करना युवक की जान पर भारी



**नवी मुंबई :** हाल ही में जुईनगर रेलवे स्टेशन पर एक घटना घटी जहां मोबाइल फोन पर बात करते हुए रेलवे ट्रैक पार करते समय एक युवक की जान चली गई। इस युवक का नाम अनिलकुमार राजकुमार पटेल (26) है और इस युवक का सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. अधिकांश नागरिक संचार के साधन के रूप में मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, हालाँकि, कुछ व्यक्तियों को इन मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग करते देखा जाता है। कुछ लोग ईयर फोन लगाकर अपने मोबाइल फोन में इतने खोए रहते हैं कि उन्हें इस बात का भी अंदाजा नहीं रहता कि उनके आसपास क्या हो रहा है। 25 दिसंबर की सुबह जुईनगर रेलवे स्टेशन पर कुछ ऐसा ही हुआ. तुर्भे निवासी अनिलकुमार राजकुमार 25 दिसंबर की सुबह काम छोड़कर खारघर से तुर्भे जाने के लिए जुईनगर रेलवे स्टेशन पर उतरे थे। वहां से उन्हें तुर्भे जाने के लिए दूसरा प्लेटफार्म लेना पड़ा।

# मुलुंड में धारावी पुनर्विकास परियोजना में स्थानांतरण स्थल, आवास विभाग के आदेश...



**मुलुंड :** आवास विभाग ने शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव और मुंबई नगर निगम के आयुक्त इकबाल को एक पत्र के माध्यम से मुलुंड में मुंबई नगर निगम की 146 एकड़ जमीन और मुलुंड के जकात नाका में 18 एकड़ जमीन को धारावी पुनर्विकास परियोजना में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। सिंह चहल. सरकार ने धारावी पुनर्विकास परियोजना को एक विशेष परियोजना घोषित कर एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक परियोजना का दर्जा दिया है। धारावी पुनर्विकास परियोजना प्रा. लिमिटेड पात्र निवासियों के लिए मुफ्त घर और लगभग साढ़े तीन से चार लाख अपात्र निवासियों के लिए किफायती किराये के घर बनाएगा।

# आपने रोगियों के प्रति सच्ची चिंता के मशहूर है डॉ. सुशील एस इंदौरिया

**ठाणे,** ठाणे स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ एवं मधुमेह विशेषज्ञ आदरणीय डॉ. सुशील एस इंदौरिया प्रत्यक्ष मुलाकात कर हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का वार्षिक कैलेंडर 2024 उन्हें सप्रेम भेंट कर एक छोटे से साक्षात्कार के मुख्य बिंदुओं को शब्दों के माध्यम से आप लोगों के बीच रख रहा हूं। इसी बीच हॉस्पिटल में डॉ. इंदौरिया साहब के एक पेशेंट से मेरी मुलाकात हो गई जो मेरे परिचित में थे। अशोक शर्मा ने मुझे बताया कि डॉ. इंदौरिया साहब हमारे फैमिली डॉक्टर जैसे हैं। श्री शर्मा ने आगे अपनी बात रखते हुए मुझसे कहा कि मैं डॉक्टर साहब की विशेषज्ञता के तहत अपने मरीजों की असाधारण देखभाल और उपचार के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है।

हॉस्पिटल, स्टाफ और उनके समर्पण, करुणा और मेरी भलाई के प्रति प्रतिबद्धता ने मरीजों और उनके परिवार पर डॉक्टर इंदौरिया एक अमिट छाप छोड़ी है। आम तौर पर हृदय संबंधी चिंताओं को दूर करने और मेरे मधुमेह के



प्रबंधन में आपकी संपूर्णता ने न केवल अपने मरीजों को आश्वस्त किया है, बल्कि समग्र स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। मैं उस समय की सराहना करता हूं जो आपने मेरी स्थिति के प्रत्येक पहलू को समझाने में लिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि मैं अपनी उपचार योजना को समझ पाया हूं। इसके अलावा, आदरणीय डॉ. सुनील यादव आपके सज्जनतापूर्ण व्यवहार और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण ने मुझे मजबूर कर दिया उनके व्यक्तित्व को शब्दों का देने के लिए डॉक्टर साहब आप जैसे महान, ईमानदार व्यक्तित्व की समाज को जरूरत है जो अपने मरीज के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान महत्वपूर्ण स्तंभ की तरह खड़े रहते हैं। आपने रोगियों के प्रति सच्ची चिंता के साथ आपकी व्यावसायिकता वास्तव में सराहनीय है। मैं आपकी मेडिकल टीम में आप जैसे समर्पित और कुशल स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को मिलकर अपने आप को भाग्यशाली महसूस करता हूं। अपने मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में आपका योगदान अतुलनीय है।

**प्रस्तुतिः छोटेलाल शर्मा,**
**प्रधान संपादक**

**पाठकों आपकी जानकारी के लिए;**
**डॉ. सुशील एस इंदौरिया; एम.डी.**
**सलाहकार चिकित्सक**
**हृदय रोग विशेषज्ञ एवं मधुमेह**
**लाइफ केयर हॉस्पिटल एवं आई. सी.सी.यू.**
**अप्वाइंटमेंट समयः सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक**
**संपर्क : 8828051999/ 25854875/ 25855081**
**पता ; एस1, फर्स्ट फ्लोर., वेदांत कॉम्प्लेक्स, सामने कोरेस टावर, वर्तक नगर, ठाणे (पश्चिम)-400 606।**

# श्रीराम के जयकारे से गुंजायमान हुआ चुनार

## नगर के विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन, भजन कीर्तन के साथ ही भंडारे का हुआ आयोजन

## मंदिर, घर घर दीप जलाकर मनाया गया दीपोत्सव पर्व



चुनार में प्राण प्रतिष्ठा के दिन श्रीराम की निकली हुई शोभायात्रा।

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** अयोध्या में सोमवार को श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन नगर के बेलबीर स्थित श्रीराम मंदिर, गंगेश्वरनाथ नाथ स्थित राघव जी मंदिर,गंगाघाट स्थित अग्रसेन शिवजी मंदिर, रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान जी मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों को भव्य रूप से झालर बत्ती फूल मालाओं से सजाया गया। दर्शन पूजन भजन कीर्तन एवं जगह जगह भंडारे का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मां विन्ध्यवासिनी सेवा समिति के तत्वावधान में बालूघाट स्थित गुहराज निषाद पार्क में जन कल्याण हेतु पंच कुंडीय यज्ञ हुआ जिसमें समिति के सदस्यों सहित नगर के लोग शामिल रहे।भजन कीर्तन एवं भंडारे में बड़ी संख्या में नगर के महिला पुरूष श्रध्दालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किए। सुबह से ही मंदिरों पर डीजे पर बजाएं जा रहे श्रीरामलला के धार्मिक गीतों से इलाका गुंजायमान रहा। मंदिरों के साथ ही नगरवासियों ने अपने अपने घरों पर रामध्वज लगाया और भजन कीर्तन आयोजित किए।अपराह्न नगर के अलग अलग मुहल्लों से श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करने के साथ समाप्त हुआ। सायंकाल मंदिर व घर घर दीप जलाकर दीपोत्सव पर्व मनाया गया। भजन कीर्तन शोभायात्रा व दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान राघव जी मंदिर में बचाऊ लाल सेठ, अनिल गुप्ता, गौरीशंकर दीक्षित, अग्रसेन शिव मंदिर में दीप कुमार अग्रवाल, रामेश्वर दास अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, परिवेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित शोभायात्रा में गौतम जायसवाल, अभिलाष राय, जगदीश गुप्ता, किशन मोदनवाल, विजय बहादुर सिंह, आलोक श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विहिप के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व राममय हुआ महाविद्यालय

## कालेज में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व छात्र छात्राओं रंगोली सजाई, भजन नृत्य कार्यक्रम आयोजित हुए

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** विंध्य गुरुकुल कालेज एवं विंध्य गुरुकुल कालेज आफ फामेर्सी के प्रांगण में रविवार को श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में श्री रामलला के स्वागत में छात्र छात्राओं द्वारा मंगल गीत ,भजन एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम से महाविद्यालय प्रांगण राममय हो उठा।

महाविद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा जगह-जगह पर रंगोली का निर्माण कर ,दीप जलाकर एवं राम ध्वज फहराकर प्रभु श्री राम के आदर्शों की प्रस्तुति की गई। उप प्राचार्य डा आशीष मिश्र ने श्रीराम के आदर्शों का वर्णन करते हुए बताया यदि हमे भारतवर्ष में राम



चुनार के गुसाईंपुर स्थित विंध्य गुरुकुल कालेज में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व छात्राओं ने पेंटिंग कर श्रीरामलला का चित्र बनाया।

राज्य की छवि को स्थापित करना हैं तो हमें श्रीराम के आदर्शों को जीना पड़ेगा। कार्यक्रम का समापन फामेर्सी कालेज की उप प्राचार्या डा.सुशील गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित किया गया।

**सर्व सहयोग सेवा**
**जननायक कर्पूरी ठाकुर जी जन्मशती (100 वी जयंती)**
**स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान व स्वास्थ्य परिक्षण शिविर**
**दि. 27 जनवरी 2024 रविवार प्रातः 10-00 बजे से साथ 4 बजे तक**
**कार्यक्रम स्थल : जागृती मंडल नालंदा विद्यालय, जय प्रकाश नगर, न्यू जिम्मी बाग के नजदीक लोकग्राम पोलिस चौकी कल्याण (पूर्व)**



नागपुर सेन समाज के अध्यक्ष रमेश जी चांगल इनका सम्मान पत्र दे कर सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना सन्गठन के अध्यक्ष अशोक पवार, प्रदेश सचिव गोपाल लिलडे, विनोदजी जायलवाल, विनोदजी पवार, श्री साखलाजी, लालूजी चव्हान, प्राध्यापक शुशिलजी कालोया , राजेशजी सावडिया आदि.







यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com